HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD

APPLICATION U/S 528 BNSS No. - 47738 of 2026

Lokesh And 4 Others

.....Applicant(s)

Versus

State of U.P. and Another

.....Opposite Party(s)

Counsel for Applicant(s)	:	Vidit Narayan Mishra
Counsel for Opposite Party(s)	:	G.A.

Court No. - 73

HON'BLE DR. GAUTAM CHOWDHARY, J.

1. आवेदकगण की ओर से धारा 528 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अन्तर्गत यह आवेदन पत्र, मु०अ०सं० 602 सन 2018 (State Vs. Lokesh and others), अन्तर्गत धारा 8 B/20 एन.डी.पी.एस., थाना दादरी, जनपद गौतम बुद्ध नगर में प्रेषित आरोप पत्र से उद्भूत वाद सं० 544/2018, जो अपर जिला व सत्र न्यायाधीश, द्वितीय, गौतम बुद्ध नगर के न्यायालय में लंबित है, में पारित एन०बी०डब्ल्यू०/एन.एस., दिनांकित 07.12.2021 को अपास्त करने हेतु योजित किया गया है।

2. आवेदकगण के विद्वान अधिवक्ता एवं विद्वान अपर शासकीय अधिवक्ता को सुना तथा पत्रावली का परिशीलन किया।

3. आवेदकगण के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि इस मामलें के विचारण में नियत तिथियों पर आवेदकगण के अनुपस्थित हो जाने के कारण उनके विरुद्ध उपरोक्त एन०बी०डब्लू० अधिपत्र/आदेश जारी कर दिया गया है, किंतु वर्तमान में आवेदकगण संबधित विचारण न्यायालय में नियत तिथि पर उपस्थित होने को तत्पर हैं।

4. विद्वान अपर शासकीय अधिवक्ता द्वारा उनके तर्कों का प्रबल विरोध किया गया।

5. आवेदकगण के विद्वान अधिवक्ता ने पुनः यह अनुरोध किया कि इस मामलें के विचारण में नियत तिथियों पर आवेदकगण के विचारण न्यायालय में अनुपस्थित हो जाने के कारण उनके विरुद्ध उपरोक्तएन०बी०डब्लू० अधिपत्र/आदेश जारी कर दिया गया है, किंतु वर्तमान में आवेदकगण संबधित विचारण न्यायालय में नियत तिथि पर उपस्थित होने को तत्पर हैं।

6. आवेदकगण के विद्वान अधिवक्ता के अनुरोध के दृष्टिगत यह आवेदन पत्र इस समुक्ति के साथ अन्तिम रूप से निस्तारित किया जाता है कि यदि आवेदकगण आज से 15 दिन के अन्दर संबंधित विचारण न्यायालय में उपस्थित होकर आत्मसमर्पण करते हैं तथा जमानत आवेदन पत्र प्रस्तुत करते हैं, तो उनके जमानत आवेदन पत्र का निस्तारण नियमानुसार किया जाएगा।

7. उपरोक्त वाद में पारित एन०बी०डब्लू० का क्रियान्वयन आज से 15 दिन के लिए सुषुप्तावस्था में रहेगा।

8. यहाँ पर यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि आवेदकगण द्वारा इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जाता तो संबंधित विचारण न्यायालय नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने को स्वतंत्र है।

(Dr. Gautam Chowdhary,J.)

October 29, 2026
CP.sahani

Digitally signed by :-
CHANDRA PRAKASH SAHANI
High Court of Judicature at Allahabad